के सान्निध्य में मै   व्रत का सकल्प करता हूँ। इस व्रत के समाप्ति पर्यन्त यथाशक्ति पापों का त्याग कर एव गृहस्थ सबधी आरभ परिग्रहादि का भी त्याग करता हूँ। इस व्रत की विधि अनुसार व्रत पूजा व्रत कथा एव व्रत मत्र पूर्वक एकाशन/उपवास करूँगा/करूँगी। बीमारी सूतक पातक अशुद्धि आदि किसी कारणवश व्रत की तिथियाँ न मिल सकीं तो उसे आगे तिथियों में व्रत करके व्रत पूरा होने पर अपनी शक्ति अनुसार व्रत का उद्यापन करूँगा/करूँगी। हे भगवन! मै इस व्रत को यथा सभव शुद्धि पूर्वक करके अधिक से अधिक समय धर्म मे लगाऊगा। फिर भी मुझमे मन से वचन से काय से जाने अनजाने में कोई गलती हो जाये तो मै भगवान से क्षमा मॉगता हूॅ/मॉगती हूँ। हे भगवन! इस व्रत को करने से मेरे सारे कष्ट दूर हो जाये मेरे सारे दुखों का नाश हो मुझे बोधि की प्राप्ति हो मेरे आठों कर्मो का नाश हो और यथाशीघ्र मुझे मोक्ष की प्राप्ति हो।

हे भगवन! इस व्रत को करने से मेरे सकल परिजनो को सुख समृद्धि और शाति मिले। जगत के सकल जीवों को सुख और शाति मिले।

ॐ ह्रा ह्री ह्रू ह्रौ ह्र अ सि उ सा नम अह   (व्रत का नाम)   व्रत धारयामि प्रतिष्ठयामि ह्रीं नम स्वाहा।

(वेदी पर श्रीफल चढाकर नौबार णमोकार का ध्यान करे)

व्रत गुरु के समक्ष हा लेना चाहिए गुरु का सान्निध्य न होने पर प्रतिमा के समक्ष व्रत लेकर प्रयास पूर्वक किन्ही महाराज से व्रत का सकल्प लेकर उसकी प्रायश्चित्त विधि समझ लेना चाहिए।

व्रत ग्रहण में सावधानी-

समीक्ष्य व्रत-मादेय-मात्त पाल्य प्रयत्नत
छिन्न दर्पात्प्रमादाद्वा प्रत्यवस्थाप्य-मञ्जसा।

-सागार धर्मामृत 2/79

देश कालादिक को देखकर व्रत लेना चाहिए और ग्रहण किये व्रतो का प्रयत्न पूर्वक पालन करना चाहिए। मदावेश या प्रमाद से व्रत भग हो जाये तो शीघ्र ही प्रायश्चित्त लेकर पुन व्रत धारण करना चाहिए।

व्रतों में अतिचार-

अतिक्रमो मानस शुद्धि हानि व्यतिक्रमो यो विषयाभिलाषः।
तथातिचार करणालसत्व भगो ह्यनाचार-मिहव्रतानाम।।

व्रत के भग करने का मन मे विचार आना अतिक्रम विषयो की अभिलाषा (व्रत भग करने वाली सामग्री को एकत्रित करना) होना व्यतिक्रम इन्द्रियो की असावधानी अर्थात् व्रत के आचरण मे शिथिलता होना अतिचार और व्रत का सर्वथा भग हो जाना अनाचार है। अतएव व्रत मे किसी भी प्रकार की असावधानी नही होनी चाहिए।

इसके साथ एक आभोग नाम का अतिचार भी कहा गया है व्रत भग हो जाने पर प्रायश्चित्त नही करना पूर्व की तरह अनाचार रूप प्रवृत्ति करना आभोग है अर्थात् व्रत भग हो जाने पर प्रायश्चित्त न करते हुए व्रत को छोड देना आभोग अतिचार है।

व्रतों की रक्षा कैसे करे-

प्राणान्तेऽपि न भक्तव्य गुरु-साक्षिश्रित व्रतम्।
प्राणान्तस्तत्क्षणे दु ख व्रत-भगो भवे भवे।।

-सागार धर्मामृत 7/52

गुरु की साक्षी मे लिया हुआ व्रत यदि प्राण भी चले जाये तो भी भग नही करना चाहिए क्योकि प्राणनाश (मरण) के समय मात्र ही दुख होता है परन्तु व्रत भग होने पर भव-भव मे दुख ही मिलता है। व्रत बीच मे छूट जावे तो उसे शुरू से करना चाहिए।

जइ अतरम्मि कारण-वसेण एक्को व दो व उपवासा।
ण कओ तो मूलाओ पुणो वि सा होई कायव्वा।।

-वसुनन्दिश्रावकाचार 360

यदि व्रत करते हुये बीच में किसी कारण वश एक या दो उपवास न किये जा सके हों तो मूल से अर्थात् प्रारम्भ से लेकर पुन वही उपवास विधि करना चाहिये।

निरतिचार व्रतों का फल-

व्रतानि पुण्याय भवन्ति जन्तोर्न सातिचाराणि निषेवितानि
सस्यानि किं क्वापि फलन्ति लोके मलोपलीढानि कदाचनापि।

-सागार धर्मामृत क्षेपक 4/16

जीवो को व्रत पुण्य फल देते हैं किन्तु अतिचार सहित व्रत पुण्य- जनक नहीं होते हैं। जिस प्रकार केवल धान वो देने से खेती फलदायक नहीं होती उसमें मे होने वाले घास को निकालकर साफ करना पडता है उसके बिना फसल घर मे नहीं आती। उसी प्रकार व्रतों को निरतिचार पालन करने से पुण्य होता है सातिचार व्रतो के द्वारा पुण्य प्राप्त नही होता निरतिचार व्रतों के पालन करने से अनेक सिद्धियॉ प्राप्त होती हैं। रत्नमाला नामक ग्रन्थ मे आचार्य शिवकोटि जी कहते हैं।

व्रतशीलानियान्येव, रक्षणीयानि सर्वदा।
एकेनैकेन जायन्ते देहिना दिव्य सिद्धय ।।

-रत्नमाला 37

जो शील तथा व्रत धारण करते है उनकी गृहस्थी की हमेशा रक्षा होती है। एक एक व्रत और एक एक शील के निमित्त से प्राणियो के दिव्य सिद्धि प्राप्त होती है।

अव्रतानि परित्यज्य व्रतेषु परिनिष्ठित ।
त्यजेत्तान्यपि सत्राप्य परम पदमात्मन ।।

मोक्षार्थी पुरुष अव्रतो को छोडकर व्रतो मे स्थिर होकर परमात्मपद प्राप्त करे और परमात्मपद प्राप्तकर उन व्रतो का त्याग करें। निरतिचार व्रतो का पालन करना ही मोक्ष का साधन है अतिचार सहित व्रत नही। यह मात्र ससार सुख दे सकते है।

-वृहद द्रव्य सग्रह मो0मा0 अधिकार पृ0 256

व्रतों के उद्यापन का विधान-

पञ्चम्यादि-विधि कृत्वा शिवान्ताभ्युदय-प्रदम्
उद्योतयद्यथा-सम्पन्निमित्ते प्रोत्सहेन्मन ।

-सागार धर्मामृत 2/78

मोक्ष पर्यन्त अभ्युदय देने वाली पञ्चमी (मुक्तावली पुष्पाञ्जलि कनकावली रत्नत्रय) आदि व्रतो को करके अपनी आर्थिक शक्त्यनुसार उद्यापन करे तथा नैमित्तिक व्रत अनुष्ठान मे मन उत्कृष्ट रूप से उत्साहित करे। अर्थात् अत्यन्त प्रभावना पूर्वक अनुष्ठान कर उद्यापन करे जिससे व्रत की महिमा बढे और लोगों को व्रत करने की प्रेरणा मिले।

उद्यापन की विधि-

कर्तव्य जिनागारे महाभिषेक-मद्भुतम्
सद्यैश्चतुर्विधै साध महापूजादि-कोत्सवम्।
घण्टाचामर-चन्द्रोपक-भृगार्यार्तिकादय
धर्मोपकरणान्येव देय भक्त्या स्वशक्तित ।
पुस्तकादि-महादानम् भक्त्यादेय वृषाकरम्
महोत्सव विधेय सुवाद्य-गीतादि-नर्तनै ।
चतुर्विधाय सघाया-हारदानादिक मुदा
आमत्र्य परया भक्त्या देय सम्मान-पूर्वकम्।
प्रभावना जिनेन्द्राणा शासन चैत्य-धामनि
कुर्वन्तु यथाशक्त्या स्तोक चोद्यापन मुदा।

-जैन व्रत विधान सग्रह पृ 22-24

विशाल मन्दिरो का निर्माण करावे और समारोह के साथ प्रतिष्ठा कराके जिनबिम्ब स्थापन करे पश्चात चतुर्विध सघ के साथ प्रभावना पूर्वक महाभिषेक के साथ महापूजा करे और घण्टा झालर चमर छत्र सिहासन चन्दोवा झारी भृगार आदि अनेक उपकरण शक्त्यनुसार देवे।

आचार्यादि महापुरुषों को धर्मवृद्धि ज्ञानवृद्धि हेतु शास्त्र प्रदान करे आहारादि देवें। अनेक वादित्रो के साथ गीत एव नृत्यादिक पूर्वक भक्ति प्रमोद भावना के साथ आहारादि चारो प्रकार के दान देवें। जिनेन्द्र भगवान के शासन के महात्म्य को प्रकट कर प्रभावना करें। इस प्रकार उद्यापन कर व्रत का विसर्जन करें। जिस व्रत का उद्यापन करे उतने पूजा के बर्तन सामग्री छत्र चवर चन्दोवा शास्त्र घण्टा आदि उतने ही मन्दिरो को प्रदान करे।

प्रात सामायिक कुर्यात्तत तात्कालिकी क्रियाम्
धौताम्बर धरो धीमान् जिनध्यान पराण्ण ।

व्रती श्रावक प्रात काल ब्रह्ममुहूर्त में सामायिक करें पश्चात नित्यक्रियाओं से निवृत्त होकर शुद्ध वस्त्र धारणकर श्री जिनेन्द्र देव का ध्यान करता हुआ मन्दिर जावे।

महाभिषेक-मद्‌भुत्यै-र्जिनागारे व्रतान्वितै
कर्तव्य सह सघेन महापूजादिकोत्सवम्।

जिनालय में महान आश्चर्य करने वाला महाभिषेक करे। फिर परिवार एव सघ के साथ समारोह पूर्वक महापूजा करे।

ततो स्वगृहमागत्य दान दद्यान् मुनीशिने
निर्दोष प्रासुक शुद्ध मधुर तृप्तिकारणम्।

पूजा के पश्चात अपन घर मे आकर निर्दोष प्रासुक शुद्ध मधुर और तृप्ति कारक आहार मुनिराजो को देवे शेष बचे आहार को कुटुम्ब के साथ स्वय करे। मुनिराज के न होने पर साधर्मीजनो को भोजन करावे।

पञ्चमी व्रत के उद्यापन की विधि बताते हुए आचार्य वसुनन्दी जी लिखते हैं।

अवसाणो पञ्च घडा-विऊण पडिमाओ जिण-वरिदाण।
तह पञ्च पोत्थयाणि य लिहाविऊण ससत्तीए।।

-वसुनन्दिश्रावकाचार 365

तेसि पइटठ्याले ज कि पि पइटठ्-जोग्ग-मुव-यरण।
तसव्व कायव्व पत्तेय पञ्च पञ्च सखाए।।

-वसुनन्दिश्रावकाचार 356

व्रत पूर्ण हो जाने पर जिनेन्द्र भगवान की पाँच प्रतिमाएँ बनवाकर तथा पॉच शास्त्रो को लिखवाकर अपनी शक्ति के अनुसार उनकी प्रतिष्ठा के लिए जो कुछ भी प्रतिष्ठा योग्य उपकरण आवश्यक हो वे सब पॉच-पॉच की सख्या मे बनवाना चाहिए। जो व्रत जितने वर्ष या दिन का किया जाता है उतने शास्त्र आदि वनवाकर मन्दिर जी मे रखना चाहिए। उनकी सख्या व्रतानुसार होना चाहिए उतनी ही सामग्री शास्त्र पूजा के बर्तन अछार जाप छत्र चवर अष्टद्रव्य आदि उतने ही मन्दिरो मे भिजवाना चाहिए जिससे व्रत एव करने वालो की प्रभावना एव बहुमान बढता है और व्रतो को करने की प्रेरणा मिलती है।

उद्यापन की अन्य विधि-

सम्पूर्णेह्यनु कर्तव्य स्वशक्त्योद्यापन बुधै
सर्वथायेऽप्यशक्त्यादि व्रतोद्यापन सद्विधौ।

व्रत की मर्यादा पूर्ण होने पर शक्ति के अनुसार उद्यापन करें यदि उद्यापन की शक्ति नही हो ता व्रत को दुगुना करना चाहिए। व्रत को दुगना करना ही उद्यापन है। वसुनन्दी श्रावकाचार मे भी ऐसा ही कहा गया है।

व्रत समापन विधि-

व्रत को पूर्ण करने के वाद ही उद्यापन करना चाहिए। व्रत की समाप्ति के दिन उद्यापन नही करना चाहिए। जिस दिन व्रत पूर्ण हो उससे अगले दिन उद्यापन होना चाहिए। दुगना व्रत करने के बाद उद्यापन आवश्यक नही है।

व्रत के समापन मे जलयात्रा अभिषेक मगलाष्टक सकलीकरण अगन्यास स्वस्ति वाचन आदि के उपरान्त सम्बन्धित व्रतोद्यापन की पूजा एव विधान अनुष्ठानपूर्वक कराना चाहिए। सकल्प मन्त्र मे तत्सम्बन्धित व्रत

का नाम तथा तिथि नक्षत्रादि जोडकर सकल्प कर व्रत का समापन करना चाहिए।

व्रत समापन मन्त्र-

ॐ अद्याना आद्ये जम्बूद्वीपे भरत क्षेत्रे शुभे---- मासे--- पक्षे----तिथौ------वासरे श्रीमदर्हत प्रतिमासन्निधौ पूर्व----(व्रत का नाम) गृहीत तस्य परिसमाप्ति करिष्ये-अह प्रमादाज्ञानवशात् व्रते जायमानदोषा शातिमुपयान्ति। ॐ ह्रीं क्ष्वीं स्वाहा। श्रीमज्जिनेन्द्रचरणेषु आनन्दभक्ति सदास्तु, समाधिमरण भवतु पापविनाशन भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा सर्व शान्तिर्भवतु ह्री नम ।

(इस मत्र का नौ बार जाप) -व्रत तिथि निर्णयपृ0-202

व्रत समापन मत्र (हिन्दी) -

जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र के नगर मे मास मे पक्ष मे आज तिथि वार मे श्री अर्हत प्रतिमा के सान्निध्य मे व्रत ग्रहण किया था उसका विधि पूर्वक पालन एव उद्यापन करके मै आगे और व्रत करने की भावना के साथ व्रत का समापन कर रहा हूँ।

यदि व्रत में प्रमाद या अज्ञानवश व्रत के समय कोई अपराध हुए हो तो उसकी क्षमायाचना करता हूँ। ॐ ह्री क्ष्वी स्वाहा।

श्रीफल या सुपारी आदि चढाकर भगवान को नमस्कार कर नौ वार इस मन्त्र की जाप करे। पश्चात् शान्ति भक्ति के वाद शान्ति विर्सजन करके पूजा समाप्त करना चाहिए एव उद्यापन के अनन्तर ग्रन्थ या धार्मिक पुस्तकें फल वितरण करना चाहिए।

-व्रत तिथि निर्णयपृ0-46

सामग्री व्यवस्था

शास्त्रों मे व्रतो के उद्यापन में लगने वाली सामग्री का उल्लेख व्रतानुसार किया गया है। यथा

षोडशकारण व्रत- षोडशकारण यन्त्र पूजन सामग्री 256चाँदी के स्वस्तिक 256सुपाडी 16 शास्त्र 16 नारियल 16 जोडी पूजा के बर्तन 16छत्र 16चमर आदि मगल द्रव्य चन्दोवा दान करने के लिए राशि आदि आवश्यक सामान है।

-व्रत तिथि निर्णय पृ०-46

दशलक्षण- छत्र चमर झारी आदि मगलद्रव्य जपमाला कलश दश शास्त्र मन्दिरो के लिए दस जोडी पूजा के बर्तन दशलक्षण यन्त्र 100 चॉदी के स्वस्तिक दस नारियल(सूख) 100सुपाडी आवश्यक होती है। इस उद्यापन मे दस घरों मे फल बॉटना आवश्यक है।

-व्रत तिथि निर्णय पृ०-45

अष्टाहिनूका- मन्दिर मे देने के लिए आठ-आठ उपकरण आठ शास्त्र पूजन सामग्री चन्दोवा पूजन में चढाने के लिए 52 चॉदी के स्वस्तिक 52 सुपाडी 4 नारियल की आवश्यकता होती है। सिद्धयन्त्र की भी आवश्यकता होती हे।

रत्नत्रय- पूजन सामग्री रत्नत्रय यत्र तेरह शास्त्र मन्दिरो के लिए 13 जोडी पूजन के बर्तन छत्र चमर झारी आदि मगल द्रव्य चन्दोवा तथा राशि। उद्यापन के उपरान्त साधर्मी भाइए के तेरह घरो में फल भेजना चाहिए।

इसी प्रकार व्रत मे सामग्री की योजना निम्नानुसार करना चाहिए-

उद्यापन सामग्री-

हल्दी गॉठ श्रीफल बादाम सुपारी गोला लवग इलायची चावल धूप शुद्ध कपूर केशर शुद्ध घृत माडना कलावा (पचरगा धागा) यज्ञोपवीत रुई माचिस मुकुट मालाएँ विनायक यन्त्र पीला कपडा लाल तूस खादी सफेद पानी का छन्ना मगल कलश मगलध्वजा मन्दिर ध्वजा मण्डल ध्वजाये घट यात्रा कलश पच रत्न पुडियाँ चाँदी के स्वस्तिक(व्रतानुसार) धोती दुपटटा (मन्दिर हेतु) चन्दोवा अछार पूजा के बर्तन छत्र चमर अष्ट

प्रातिहार्य अष्ट मगलद्रव्य माला(जाप्य) कोयला आसनी बडी आसनी छोटी तखत टेबिल चौका चौकी दीपक बडे दीपक छोटे कुण्ड पटिया लकडी सजावट का सामान सगीत पार्टी बैण्ड बाजे, जुलूस की सामग्री जपवाले इन्द्र इन्द्राणी पीला सरसों पण्डाल, स्पीकर जिस व्रत का उद्यापन हो उसका यन्त्र विधान की किताबें एव मन्दिर में देने के लिए उपकरण(चाँदी के बर्तन छत्र शास्त्र, राशि आदि)।

सदर्भ ग्रन्थ सूची-

व्रतों की विधि आदि का सयोजन अनेक ग्रन्थों से किया गया है। प्रमुख ग्रन्थ निम्नानुसार हैं।

(1) हरिवश पुराण	(2) सागार धर्मामृत
(3) रत्नकरण्डक श्रावकाचार	(4) आचार्य धर्मसागर अभिनन्दन ग्रन्थ
(5) जैन व्रत तिथि निर्णय	(6) जैन व्रत विधान सग्रह
(7) व्रत कथा कोष	(8) श्रावकाचार सग्रह
(9) क्रियाकोष	(10) जैन व्रत विधि
(11) सुदृष्टि तरगणि	(12) वर्धमान पुराण
(13) सस्कृत वागमय शब्दकोष परिच्छेद खण्ड पूर्वार्द्ध	
(14) चारित्रसार	(15) जैनेन्द्र कथा कोष

आदि अनेक ग्रन्थों के माध्यम से लगभग 475 व्रतों का परिचय निम्न बिन्दुओं के रूप में दिया गया है।

(1) व्रत का नाम (2) व्रतारम्भ तिथि (3) व्रत की अवधि (4) व्रत की विधि (5) व्रत की पूजा (6) व्रत की जाप (मन्त्र) (7) व्रत का उद्यापन और (8) विशेष- जिस व्रत मे कोई विशेषता हुई तो उसे विशेष शीर्षक से उल्लिखित किया गया है।

जिन व्रतों में विसगतियाँ देखने को मिलीं उनका सुधार आवश्यक समझकर कुछ सशोधन भी किया गया है। यथा तीर्थंकर कल्याणक तिथियों के अनुसार व्रतों के नाम एव व्रतों के नाम के अनुसार तिथियों में

सशोधन करना पडा है। जो व्रत व्यक्ति विशेष के नाम से थे उन व्रतो को दिया नही है। सराग देवों की उपासना का आगम मे निषेध है इससे देवी देवताओं के नाम वाले व्रतो को भी नही दिया है। इसी पकार अन्य मतानुसार वाले व्रतो को भी नही दिया जा रहा है क्योकि वीतरागता प्राप्त करने के उद्देश्य से किये गये व्रत वीतरागता से अनुराग करने वाले होना चाहिए। रात्रि जागरण को जैन व्रत परम्परा में विशेष महत्त्व नही दिया गया है अत ऐसे व्रतो को भी सम्मिलित नही किया गया हे। जैन पर्व एव त्यौहार सम्बन्धि सभी व्रतों को देने का प्रयास किया गया है। फिर भी कुछ व्रत छूट भी गये होंगे। उन्हें विद्वज्जन अन्य स्थान से प्राप्त कर लाभ लेवें। सभी व्रतों के जाप मन्त्र सशोधित कर दिये गये है। जिन व्रतों के मन्त्र नहीं थे उन्हें खोज कर दिया गया है क्योकि व्रत के दिन मन्त्र की जाप अनिवार्य है इससे भावो में एकाग्रता आती है। कई व्रतों मे उद्यापन विधि एव विधान का उल्लेख नही था उन व्रतो के उद्यापन विधान को लिखा गया है। व्रत के दिन भक्तियो का बहुत महत्त्व है। इन्हे भावशुद्धि पूर्वक पढना चाहिये। इस भाव को ध्यान मे रखकर भक्तियो को भी सग्रहीत किया गया है। लगभग सभी क्षेत्रों मे महिलाएँ ही सबसे ज्यादा व्रत करती है। उन्हे व्रतो की पूरी जानकारी नही होती है और यदि होती भी है ता पूजा भक्तियॉ विधान आदि न मिलने से परेशानी होती है। अत इस ग्रन्थ के दूसरे खण्ड मे व्रत लेने की विधि आदि का पूर्ण विवरण दिया गया है। जिसमे अभिषेक शान्तिधारा दैनिक पूजा एव जो व्रत पूजाएँ सहज उपलब्ध नही होती थी उन्हे सकलित किया है। व्रतों के अलावा पूजाऍ सभी पुस्तकों में सरलता से उपलब्ध हो जाती है उन्हे ग्रन्थ विस्तार के भय से नही दिया जा रहा है।

ग्रन्थ की विषय वस्तु अनेक आचार्यो/मुनिराजों/आर्यिका माताओं ने देखकर आशीर्वाद प्रदान किये हैं एव अनेक विद्वानों ने इसे आद्योपान्त पढकर सुझाव और अभिमत प्रदान किये हैं। उन सभी के चरणो मे सादर नमन करते है।

इस ग्रन्थ के सयोजन में बहुत समय और श्रम लगा है। जिसे अनेक सन्तों का सहयोग लेकर पूरा किया जा सका है। पूज्य मुनि श्री क्षमासागर जी महाराज ने सपूर्ण विषय को देखकर आवश्यक निर्देशन के साथ आवश्यक लेखों के माध्यम से व्रत एव पूजन की वैज्ञानिकता व्रतों की ऐतिहासिकता वर्तमान समय मे श्रावक की दिनचर्या आदि विषय परिमार्जित कराये हैं। पूज्य मुनि श्री सुधासागरजी समतासागर जी आर्जवसागरजी प्रमाणसागरजी प्रसादसागरजी सौरभसागरजी के सुझावों से विषय की पूर्णता हुई है। आर्यिका पूर्णमति माताजी ने व्रतों का महत्व देकर ग्रन्थ का वैशिष्ठ्य बढाया है।

लेखन के दुरूह एव श्रमसाध्य कार्यों को सफलता पूर्वक करने में अर्चना(पम्मी) श्री मनीष जैन(सजू) ने पूर्ण कुशलता से किया है। सशोधन एव सवर्द्धन आदि कार्यो में युवा मनीषी ब्र विनोद भैया जी (पपौराजी) एव प विनोद कुमार जी (रजवास) ब्र सरेन्द्र जी (सागानेर) ब्र रवीन्द्र जी(सोनागिर) कौशल किशोर भटट का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है।

कम्पोजिग को कुशलता पूर्वक करने के लिये श्री दीपक जैन (ए व्ही एस कम्प्यूटर) एव स्वच्छ एव स्पष्ट छपाई के लिय श्री नीरज जैन (दिगम्बर) प्रिंटिग प्रेस आभार के पात्र है। इस ग्रन्थ के सयोजन सशोधन सवर्धन में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूपसे जिनका सहयोग प्राप्त हुआ है एव जिन्होंने अपनी चचला लक्ष्मी का उपयोग कर इस ग्रन्थ के प्रकाशन में सहयोग किया है उन सभी के हम बहुत बहुत आभारी हैं।

इस ग्रन्थ से भव्य श्रावक श्राविकाएँ लाभ लेकर अपना कल्याण कर मार्ग प्रशस्त करें तो हम अपना प्रयास सफल समझेंगे।

टीकमगढ

ब्र प गुलाब चन्द्र 'पुष्प'
ब्र प जय 'निशात'

व्रतों की मासिक सूची

विवरण	तिथि
चैत्र कृष्णपक्ष-	
अनन्त सौन्दर्य व्रत-	2
स्त्री वेद निवारण व्रत-	2
नपुसक वेद निवारण व्रत-	4
पुरुष वेद निवारण व्रत-	4
हास्यकर्म निवारण व्रत-	5
रतिकर्म निवारण व्रत-	6
अरतिकर्म निवारण व्रत-	7
शोककर्म निवारण व्रत-	8
भयकर्म निवारण व्रत-	9
आदिनाथ जयती व्रत-	9
जुगुप्सा कर्म निवारण व्रत-	10
कृष्णलेश्या निवारण व्रत-	12
नीललेश्या निवारण व्रत-	13
कापोतलेश्या निवारण व्रत-	14
पीतलेश्या निवारण व्रत-	30
चैत्र शुक्लपक्ष-	
एकेन्द्रिय जाति निवारण व्रत-	1
मगल भूषण व्रत-	1
द्वीन्द्रिय जाति निवारण व्रत-	2
त्रीन्द्रिय जगति निवारण व्रत-	3
चतुरिन्द्रिय जाति निवारण व्रत-	4
चतुर्विंशति श्रोतृ भावना-	5
पचेन्द्रिय जाति निवारण व्रत-	5
पृथ्वीकाय निवारण व्रत-	6
रति कर्म निवारण व्रत-	6
अपकाय निवारण व्रत-	7
तेजकाय निवारण व्रत-	8
पञ्चाणुव्रत-	8
वायुकाय निवारण व्रत-	9
वनस्पतिकाय निवारण व्रत-	10
त्रसकाय निवारण व्रत-	11
महावीर जयती-	13
वैशाख कृष्णपक्ष-	
अनन्तमिथ्यात्व निवारण व्रत-	2
अज्ञान मिथ्यात्व निवारण व्रत-	2
आहार पर्याप्ति निवारण व्रत-	3
शरीर पर्याप्ति निवारण व्रत-	4
इन्द्रिय पर्याप्ति निवारण व्रत-	5
उच्छवास पर्याप्ति निवारण व्रत-	6
निश्वास पर्याप्ति निवारण व्रत-	7
भाषा पर्याप्ति निवारण व्रन-	8
मन पर्याप्ति निवगरण व्रत-	10
आर्तध्यान निवारण व्रत-	11
रौद्रध्यान निवारण व्रत-	13
धर्मध्यान प्राप्ति व्रत-	14
शुक्ल ध्यान प्राप्ति व्रत-	14

विवरण	तिथि
ज्येष्ठ शुक्लपक्ष-	
श्रुतावतार व्रत-	1
दशप्रमण निवारण व्रत-	2
क्षायिक सम्यक्त्व व्रत-	3
अविरत गुणस्थान व्रत-	4
क्षायिक दान व्रत-	4
कार्माण शरीर निवारण व्रत-	5
सरस्वती व्रत-	5
क्षायिक लाभ व्रत-	5
श्रुतपचमी व्रत-	5
क्षायिक भोग व्रत-	7
भवदुख हराष्टमी व्रत-	8
क्षायिक उपभोग व्रत-	8
अनन्तज्ञान व्रत-	11
भवदु ख निवारण व्रत-	11
भोगान्तराय निवारण व्रत-	12
अनतवीर्य व्रत-	12
अनन्तदर्शन व्रत-	12
अनन्त मिथ्यात्व निवारण व्रत-	12
कुनय निवारण व्रत-	12
अनतसुख व्रत-	13
योगधारण व्रत-	14
स्नेहनय व्रत-	15
वैशाख शुक्ल पक्ष-	
पर्वमगल व्रत-	1

विवरण	तिथि
सुख समाधि व्रत-	1
पद्मलेश्या निवारण व्रत-	2
तिर्यञ्चगति निवारण व्रत-	3
चतुर्विंशति दातृ भावना व्रत-	3
अक्षय तृतीया-	3
तैजसशरीर निवारण व्रत-	5
शुक्ललेश्या निवारण व्रत-	5
शीलव्रत-	6
हिसानन्द निवारण व्रत-	6
मृषानन्द निवारण व्रत-	7
कीर्तिप्राप्त व्रत-	8
स्तेयानन्द निवारण व्रत-	8
समाधि विधान व्रत-	8
सरक्षणानन्द निवारण व्रत-	9
विषयानन्द निवारण व्रत-	11
विपरीत मिथ्यात्व निवारण व्रत-	13
विनय मिथ्यात्व निवारण व्रत-	14
एकान्त मिथ्यात्व निवारण व्रत-	12
सशय मिथ्यात्व गुणस्थान निवारण व्रत-	15
ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-	
ज्येष्ठ जिनवर व्रत-	1
विनय व्रत-	2
सुनय व्रत-	3
एकान्तनय निवारण व्रत-	5
कृष्णपञ्चमी व्रत-	5

विवरण	तिथि
निर्णय व्रत-	6
विपरीत नय निवारण व्रत-	6
व्यवहारनय निवारण व्रत-	7
निश्चयनय निवारण व्रत-	8
दानान्तराय कर्म निवारण व्रत-	10
लाभान्तराय कर्म निवारण व्रत-	10
उपभोगान्तराय निवारण व्रत-	12
वीर्यान्तराय कर्म निवारण व्रत-	13
मिथ्यात्व गुणस्थान निवारण व्रत-	14
शांतिनाथ तीर्थं चक्र काम व्रत-	14
सासादन गुणस्थान निवा व्रत-	30
आषाढ कृष्णपक्ष-	
यथाख्यात चारित्र व्रत-	2
कल्याणक व्रत-	2
पञ्चकल्याणक व्रत-	2
सयत व्रत-	3
परस्पर कल्याणक व्रत-	2
सयतासयत व्रत-	4
कोकिला पञ्चमी व्रत-	5
अहिसा महाव्रत व्रत-	5
अचौर्य महाव्रत व्रत-	7
निर्ग्रन्थ महाव्रत व्रत-	8
ब्रह्मचर्य महाव्रत व्रत-	8
आषाढ शुक्ल पक्ष	
कायगुप्ति व्रत-	1
वचन गुप्ति व्रत-	1
तपाचार व्रत-	1

विवरण	तिथि
सम्यक् मिथ्यात्व गुण व्रत-	1
जिनगुण सम्पत्ति व्रत-	1
दर्शनाचार व्रत-	2
वर्द्धमान व्रत-	2
रत्नशोक व्रत-	3
देशविरत गुण व्रत-	3
कर्मदहन व्रत-	4
चतु मगल व्रत-	4
प्रमत्तगुण व्रत-	4
मनुष्यगति निवारण व्रत-	4
लोकमगल व्रत-	4
आयुकर्म निवारण व्रत-	5
अप्रमत्त गुणस्थान व्रत-	5
पञ्चालकार व्रत-	5
पञ्चसूनानिवारण व्रत-	5
पञ्चसमार निवारण व्रत-	5
पञ्चमी व्रत-	5
पञ्चपर्व व्रत-	5
विद्यामण्डूक व्रत-	5
आहारक शरीर निवारण व्रत-	5
ऋषि पञ्चमी व्रत-	5
निर्जरा पञ्चमी व्रत-	5
श्वेत पञ्चमी व्रत-	5
अपूर्व करण गुण व्रत-	6
नामकर्म निवारण व्रत-	6
सूक्ष्मसाम्पराय चारित्र व्रत-	6
षड्कर्म व्रत-	6
गोत्रकर्म निवारण व्रत-	7

विवरण	तिथि	विवरण	तिथि
णमोकार पैंतीसी व्रत-	7	श्रुतिकल्याणक व्रत-	8
वीर्याचार व्रत-	8	त्रेपन्न क्रिया व्रत-	8
अन्तराय कर्म निवारण व्रत-	8	रूपातिशय व्रत-	8
अनिवृत्ति करण गुण व्रत-	8	विनय सम्पन्नता व्रत-	8
अप्रमत्त गुणस्थान व्रत-	8	षोडशक्रिया व्रत-	8
अहिगही व्रत-	8	सौभाग्य व्रत-	8
आचाम्ल वर्धमान व्रत-	8	सौख्यसुखसम्पत्ति व्रत-	8
इन्द्रध्वज व्रत-	8	सप्तर्द्धि व्रत-	8
कैवल्यसुखदाष्टमी व्रत-	8	सूक्ष्मसाम्पराय गुण व्रत-	8
चतुष्पर्व व्रत-	8	ज्ञानाचार व्रत-	8
देवगति निवारण व्रत-	8	ज्ञानसाम्राज्य व्रत-	8
दर्शनावरणी कर्म निवारण व्रत-	8	दश पर्वव्रत-	8
दुरित निवारण व्रत-	8	उपशातकषाय गुण व्रत-	9
सर्वदोष परिहार व्रत-	8	रत्नत्रयभूषण व्रत-	9
नन्दावति व्रत-	8	पर्वसागर व्रत-	10
नित्यसौभाग्य व्रत-	8	क्षायक मोह/क्षीण मोह/	
नित्यानद व्रत-	8	क्षीण कषाय निवारण व्रत-	10
निरतिशय व्रत-	8	शुद्ध दशमी व्रत	10
नवनिधि भण्डार व्रत-	8	महोदय व्रत-	11
नीतिसागर व्रत-	8	वेदनीय कर्म निवारण व्रत-	11
पचमदर व्रत-	8	सयोग केवली व्रत-	11
पुण्यसागर व्रत-	8	गुरुद्वादशी व्रत-	12
भवरोग हराष्टमी व्रत-	8	अयोग केवली गुण। व्रत-	12
भव्यानद व्रत-	8	कल्याण मगल व्रत-	13
मोक्षलक्ष्मी निवास व्रत-	8		

विवरण	तिथि
चारित्राचार व्रत-	13
सामायिक चारित्र व्रत-	13
कर्मनिर्जरा व्रत-	14
कारुण्य व्रत-	14
केवलज्ञान व्रत-	14
छेदोपस्थापना चारित्र व्रत-	14
नरकगति निवारण व्रत-	14
पुण्यचतुर्दशी व्रत-	14
भवसागर निवारण व्रत-	14
त्रिभुवन तिलक व्रत-	14
कली चतुर्दशी व्रत-	14
पञ्चमास चतुर्दशी व्रत-	14
अणति पूर्णिमा व्रत-	15
श्रावण कृष्णपक्ष-	
रसपरित्याग व्रत-	1
वीरशासन जयती-	1
तपोञ्जलि व्रत-	1
भयहरण चतुर्दशी व्रत-	14
श्रवण शुक्लपक्ष-	
सप्तपरम स्थान व्रत-	1
सुगन्ध बधुर व्रत-	1
एकावली व्रत-	1
पार्श्व तृतीया व्रत-	3
गरुण पञ्चमी व्रत-	5
षष्ठी व्रत-	6
मनोगुप्ति व्रत-	7

विवरण	तिथि
मुकुटसप्तमी व्रत-	7
मोक्षसप्तमी व्रत-	7
सर्वसम्पत्कर व्रत-	8
अक्षय फल दशमी व्रत-	10
अक्षयनिधि व्रत-	10
कलश दशमी व्रत-	10
श्रावण द्वादशी व्रत-	12
उपसर्ग निवारण व्रत	13
कल्पामर व्रत-	14
रूपशील चतुर्दशी व्रत-	14
दक्षिणायन व्रत-	15
रक्षाबन्धन व्रत-	15
भाद्रपद कृष्णपक्ष	
धनद कलश व्रत-	1
श्रुतस्कन्ध व्रत-	1
जिनमुखावलोकन व्रत-	1
मेघमाला व्रत-	1
मुनष्ठी विधान व्रत-	1
सोलहकारण व्रत-	1
तीन चौबीसी व्रत-	3
चन्दन षष्ठी व्रत-	6
भाद्रपद शुक्लपक्ष-	
लब्धि विधान व्रत-	1
रूपार्थ वल्लरी व्रत-	1
अपूर्व व्रत (त्रिलोक तिलक)	1

विवरण	तिथि	विवरण	तिथि
चारित्र शुद्धि व्रत-	1	द्वादशी व्रत-	12
रोटतीज व्रत-	3	रत्नत्रय व्रत-	12
त्रिकाल तृतीया व्रत-	3	दूधरसी व्रत-	12
त्रिलोकतीज व्रत-	3	सकट हरण व्रत-	13
आकाश पञ्चमी व्रत-	5	अनत चतुर्दशी व्रत-	14
पञ्चपोरिया व्रत-	5	सूतक परिहार व्रत-	14
दशलक्षण व्रत-	5	**आश्विन कृष्णपक्ष**	
बीजपूरत तप व्रत-	5	क्षमावाणी व्रत-	1
शील सप्तमीव्रत-	7	पल्य विधान व्रत-	6
नन्द सप्तमी व्रत-	7	लक्ष्मीमगल व्रत-	13
निर्दोष सप्तमी व्रत-	7	अतिम केवली (जम्बूस्वामी) व्रत-	14
मुक्तावली-	7	**आश्विन शुक्लपक्ष-**	
निशल्याष्टमी व्रत-	8	रूपार्थ बल्लरी व्रत-	1
मनचिन्ती अष्टमी व्रत-	8	कनकावली व्रत-	1
रुक्मणी व्रत-	8	रत्नावली व्रत-	3
धूपदशमी व्रत-	10	जीव दयाष्टमी व्रत-	8
दशमीनिमानी व्रत-	10	चक्रोदय व्रत-	13
फलदशमी व्रत-	10	सकल सौभाग्य व्रत-	14
सुगन्ध दशमी व्रत-	10	चारित्रमाला व्रत	15
सौभाग्यदशमी व्रत-	10	**कार्तिक कृष्णपक्ष**	
अनत व्रत-	11	मगल त्रयोदशी-	13
केवलबोध व्रत-	11	लक्षावली/दीपावली व्रत-	14
कर्मनिर्झर व्रत-	12	दीपमालिका व्रत-	30
काजी बारस व्रत-	12	**कार्तिक शुक्लपक्ष**	

विवरण	तिथि
निशंकिताग व्रत-	1
मगलार्णव व्रत-	1
निकाक्षिताग व्रत	2
निर्विचिकित्साग व्रत-	3
अमूढदृष्ट्यग व्रत-	4
श्रुतस्कन्ध व्रत-	4
औदायिक शरीर निवारण व्रत-	5
उपगूहनाग व्रत-	5
स्थितिकरणाग व्रत-	6
वात्सल्याग व्रत-	7
कलधौतार्णव व्रत-	8
धर्म प्रभावनाग व्रत-	8
सर्वार्थ सिद्धि व्रत-	8
चूडामणि व्रत-	11
अमूढ दृष्टाग-	14
वसुधा भूषण व्रत-	15
अगहन (मार्गशीर्ष) कृष्णपक्ष	
चतुर्शीति गणधर व्रत-	10
अगहन शुक्लपक्ष	
कन्दर्प निवारण व्रत-	8
पौष कृष्णपक्ष	
त्रिलोकभूषण व्रत-	3
सारस्वत व्रत-	10
पौष शुक्लपक्ष	
सुगन्धदशमी (मासिक) व्रत-	5

विवरण	तिथि
पौष्य कल्याण व्रत-	7
मौन व्रत-	11
मौन एकादशी व्रत-	11
परिहार विशुद्धि चारित्र-	15
माघ कृष्णपक्ष	
दुर्गति निवारण व्रत-	1
सत्यवचनमहाव्रत व्रत-	6
सारस्वत व्रत-	10
आदिनाथ निर्वाण महोत्सव व्रत-	14
समकित चौबीसी व्रत-	14
निर्वाण कल्याण व्रत-	14
माघ शुक्लपक्ष	
चारुसुख व्रत-	6
उत्तरायण व्रत-	15
माघमाला व्रत-	15
फाल्गुन कृष्णपक्ष-	
आदिनाथ शासन व्रत-	11
जिनरात्रि व्रत-	14
फाल्गुन शुक्लपक्ष-	
अक्षयसुख सम्पत्ति व्रत-	1
वैक्रियक शरीर निवारण व्रत-	5
अष्टप्रातिहार्य व्रत-	8
कल्याण तिलक व्रत-	8

किसी भी तिथि में आरम्भ होने वाले व्रत

1 अधिक सप्तमी व्रत
2 अनस्तमी व्रत
3 अनन्तभव कर्महराष्टमी
4 अरनाथतीर्थं चक्र कामदेव व्रत
5 अश्विनी व्रत
6 अशोकरोहिणी व्रत
7 आष्टाह्निक व्रत
8 अष्टकर्म चूर व्रत
9 अष्टमी व्रत
10 अज्ञान निवारण व्रत
11 आचारवर्द्धन व्रत
12 एसोदश व्रत
13 एसोनव व्रत
14 कन्या सक्रमण व्रत
15 कर्कसक्रमण व्रत
16 कर्मचूर व्रत
17 कर्मक्षय व्रत
18 कल्पकुज व्रत
19 कल्याणमाला व्रत
20 कल्याणमन्दिर व्रत
21 कवल चन्द्रायण व्रत
22 काजिक व्रत
23 कुन्थुनाथतीर्थ चक्र कामदेव व्रत
24 कुम्भसक्रमण व्रत
25 गणधरवलय व्रत
26 गन्धअष्टमी व्रत
27 गुरुवार व्रत
28 चतुर्दशी व्रत
29 चन्द्रकल्याणक व्रत
30 चारित्रशुद्धि व्रत
(बारह सौ चौतीस व्रत)
31 चारित्रशुद्धि व्रत
32 चौंतीस अतिशय व्रत (वृहत्)
33 चौंतीसी व्रत
34 चौबीस तीर्थंकर व्रत
(एक कल्याणक)
35 चौंसठ ऋद्धि व्रत
36 जिनपूजा पुरन्दर व्रत
37 तत्त्वार्थसूत्र व्रत
(मोक्षशास्त्र व्रत)
38 तपशुद्धि व्रत
39 तिरेपन क्रिया व्रत
40 तीर्थंकर व्रत
41 नीर्थंकर बेला व्रत
42 तुलासक्रमण व्रत
43 तेला व्रत
44 दर्शनविशुद्धि व्रत
45 दारिद्र निर्वृत्ति व्रत

46 दिव्यलक्षण पक्ति व्रत
47 दुखहरण व्रत
48 द्वारावलोकन व्रत
49 द्विकावली व्रत (वृहत्)
50 द्विकावली व्रत (लघु)
51 द्विपच व्रत
52 धनुसक्रमण व्रत
53 धर्मचक्रविधि व्रत
54 धर्मोदय व्रत
55 नद्यावर्त व्रत
56 नन्दीश्वरपक्ति व्रत
57 नन्दीश्वरद्वीप व्रत
58 नवग्रह व्रत
59 नवकार व्रत
60 नवनिधि व्रत
61 नक्षत्र माला व्रत
62 नित्योत्सव व्रत
63 नित्यरसी व्रत
64 नित्यसुखदाष्टमी व्रत
65 नैशिक व्रत
66 पञ्चपरमेष्ठी गुण व्रत
67 पञ्चपरमेष्ठी व्रत
68 पञ्चपरवी व्रत
69 पञ्चविशति कल्याणभावना व्रत
70 पञ्चश्रुतज्ञान व्रत
71 प्रत्याख्यान व्रत
72 पुरन्दर व्रत
73 पुष्पाञ्जलि व्रत
74 फलमगलवार व्रत
75 बज्रमध्य व्रत
76 बसतभद्र व्रत
77 बारहतप व्रत
78 बारह बिजोरा व्रत
79 बारह भेद तप व्रत
80 बुधवार व्रत
81 बुधाष्टमी व्रत
82 बेला व्रत
83 भक्तामर व्रत
84 भावना द्वात्रिशतिका व्रत
85 भावना पच्चीसी व्रत
86 भावनाविधि व्रत
87 मकरसक्रमण व्रत
88 मिथुन सक्रमण व्रत
89 मीनसक्रमण व्रत
90 मुरजमध्य व्रत (वृहत)
91 मृदगमध्य व्रत (वृहद)
92 मृदगमध्य लघु (लघु)
93 मेरुपक्ति व्रत
94 मेषसक्रमण व्रत
95 मोहनीय कर्म निवारण व्रत

96 मगलसार व्रत
97 रत्नमुक्तावली व्रत
98 रविवार व्रत
99 रुद्रवसत व्रत
100 रोहिणी व्रत
101 लक्षणपंक्ति व्रत
102 वस्तु कल्याण व्रत
103 विमानपंक्ति व्रत
104 वृश्चिकसक्रमण व्रत
105 वृषभसक्रमण व्रत
106 शातकुम्भ व्रत (उत्कृष्ट)
107 शातकुम्भ व्रत (मध्यम)
108 शातकुम्भ व्रत (जघन्य)
109 शिवकुमार बेला व्रत
110 शील व्रत
111 शीलकल्याणक व्रत
112 शुक्रवार व्रत
113 श्रुतकल्याणक व्रत
114 श्रुतज्ञान व्रत
115 श्रुतज्ञान व्रत
116 षट्रसी व्रत
117 स्वयभूस्तोत्र व्रत
118 सकलश्रेयोनिधि व्रत
119 सप्तसप्तम तपोव्रत
(तपोनिधि व्रत)
120 सम्यक्त्व चतुर्विंशति व्रत
121 समवसरण व्रत
122 समवसरण मगल व्रत
123 सर्वथाकृत्य व्रत
124 सर्वतोभद्र व्रत(वृहत)
125 सर्वतोभद्र व्रत (लघु)
126 सहस्रनाम व्रत
127 सिद्ध व्रत
128 सिद्धकाजिका व्रत
129 सिद्धचक्र व्रत
130 सिह निष्क्रीडित व्रत (उत्कृष्ट)
131 सिहनिष्क्रीडित व्रत (मध्यम)
132 सिह निष्क्रीडित व्रत (जघन्य)
133 सिह निष्क्रीडित भाद्रवन व्रत
134 सिहसक्रमण व्रत
135 सुखकारण व्रत
136 सुख चितामणि
137 सुखसम्पत्ति (वृहद) व्रत
138 सुखसम्पत्ति व्रत
139 सुदर्शनतप व्रत
140 सौख्य व्रत
141 सयोग पचमी व्रत
142 क्षमावली व्रत
143 त्रिगुणसार व्रत
144 त्रिलोकसार व्रत
145 ज्ञानतप व्रत
146 ज्ञानपच्चीसी व्रत
147 ज्ञानावरणीकर्म निवारण व्रत

1- अचौर्य महाव्रत व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ कृष्ण सप्तमी

व्रत की अवधि - 4 माह

व्रत की विधि - प्रत्येक सप्तमी को उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री सम्भवनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्री क्ली अर्हं श्री सम्भवनाथ जिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - चोरी के परिणाम का अभाव

★★★

2- अणति पूर्णिमा व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ कार्तिक फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा

व्रत की अवधि - 6 वर्ष

व्रत की विधि - आषाढ कार्तिक फाल्गुन महीनों में पूर्णिमा को उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री चौबीस तीर्थंकर पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्री वृषभादिवीरान्त चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यो नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान

विशेष - 24 जिनालयों में उपकरण शास्त्रादि भेंट करें।

व्रत का फल - सकट निवारक

★★★

3- अधिक सप्तमी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ, कार्तिक फाल्गुन महीनों की कोई एक शुक्ल सप्तमी

व्रत की अवधि - 4 माह

व्रत की विधि - प्रत्येक सप्तमी के दिन उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री आदिनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्री क्लीं अर्हं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - भक्तामर विधान

व्रत का फल - सौख्य समृद्धिदायक

***

4- अंतिम केवली (जम्बूस्वामी) व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आश्विन कृष्ण चतुर्दशी

व्रत की अवधि - 24 माह

व्रत की विधि - प्रत्येक चतुदर्शी को उपवास करें। कार्तिक की अष्टाह्निका में उद्यापन करें।

व्रत की पूजा - श्री जम्बूस्वामी पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अर्हं श्री सामान्य केवलिने नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान

व्रत का फल - केवलज्ञान प्राप्तिकारक

***

5- अन्तराय कर्म निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल अष्टमी

व्रत की अवधि - 1 वर्ष

व्रत की विधि - प्रत्येक अष्टमी को उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री चन्द्रप्रभ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री चन्द्रप्रभजिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - अनतवीर्य प्रदायक

★★★

6- अनस्तमी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - किसी भी मास की किसी भी तिथि से प्रारम्भ करें।
व्रत की अवधि - जीवन पर्यंत
व्रत की विधि - 2 घडी दिन चढने के बाद एव 2 घडी दिन शेष रहने के पहले भोजन से निवृत्त हो जाये। शेष समय में चारों प्रकार के आहार का त्याग करें।
व्रत की पूजा - नित्यपूजा
व्रत का जापमन्त्र - णमोकार मन्त्र
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - श्रावकोचित व्रतवर्धक

आ ध अ ग्र पृ 548 क्रि को पृ.291 व्र वि स पृ 96

★★★

7- अनन्त चतुर्दशी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी
व्रत की अवधि - चौदह वर्ष
व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री अनन्तनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं अर्हं ह स अनन्तकेवलिने नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - दारिद्र निवारक एव अक्षय कोष प्रदायक
आ ध अ ग्र पृ 548 क्रि को पृ 256 जै व्र वि स पृ 87

***

8- अनन्तदर्श न व्रत

व्रतारम्भ तिथि - ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी
व्रत की अवधि - 4 वर्ष
व्रत की विधि - व्रत के दिन प्रोषध पूर्वक उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री सुपार्श्वनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं अनन्तसम्यग्दर्शनाय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान
व्रत का फल - जिनशासन श्रद्धानवर्धक

***

9- अनन्तभव कर्महराष्टमी

व्रतारम्भ तिथि - अष्टाह्निका की अष्टमी
व्रत की अवधि - 4 माह
व्रत की विधि - क्रम से 4 माह की प्रत्येक अष्टमी को उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री पार्श्वनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री पार्श्वनाथजिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - अनन्त परिभ्रमण क्षयकारक

***

10- अनन्तमिथ्यात्वनिवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी

व्रत की अवधि - 4 वर्ष

व्रत की विधि - प्रत्येक ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी को प्रोषध पूर्वक उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री सुपार्श्वनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अनन्तसम्यग्दर्शनाग्य नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान

व्रत का फल - विपरीत मान्यता अभावकारक

* * *

11- अनन्तमिथ्यात्वनिवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - वैशाख कृष्ण द्वितीया

व्रत की अवधि - 5 वर्ष

व्रत की विधि - प्रत्येक वैशाख कृष्ण द्वितीया को प्रोषध पूर्वक उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री सिद्धपरमेष्ठी पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अनन्तानन्त-परमसिद्धेभ्यो नम ।

उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान

व्रत का फल - विपरीत मान्यता अभावकारक

* * *

12- अनन्त व्रत

व्रतारम्भ तिथि - भाद्रपद शुक्ल एकादशी

व्रत की अवधि - 4 दिन (14 वर्ष)

व्रत की विधि - एकादशी को उपवास द्वादशी को एकाशन त्रयोदशी को काजी-छाछ अथवा छाछ में

		जौ या बाजरे के आटे को मिलाकर महेरी (एक प्रकार की कडी बनाकर) लेना और चतुर्दशी को उपवास करना चाहिए। इस विधि अनुसार पालन करने की शक्ति न हो तो शक्त्यनुसार पालन करें।
व्रत में पूजा	-	श्री अनन्तनाथ पूजा
व्रत जापमन्त्र	-	ॐ ह्री अर्ह ह स अनन्तकेवलिने नम ।
उद्यापन का विधान	-	पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल	-	सुख समृद्धिदायक

★★★

13- अनन्तवीर्य व्रत

व्रतारम्भ तिथि	-	ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी
व्रत की अवधि	-	4 वर्ष
व्रत की विधि	-	प्रत्येक ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी को प्रोषधपूर्वक उपवास करे।
व्रत की पूजा	-	श्री अरिहंत पूजा (देवपूजा)
व्रत का जापमन्त्र	-	ॐ ह्री अर्हं अनन्तवीर्य जिनाय नम ।
उद्यापन का विधान	-	पञ्चकल्याणक विधान
व्रत का फल	-	अतुल बलदायक

★★★

14- अनन्तसुख व्रत

व्रतारम्भ तिथि	-	ज्येष्ठ शुक्लत्रयोदशी
व्रत की अवधि	-	4 वर्ष
व्रत की विधि	-	प्रत्येक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को प्रोषध पूर्वक उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री सिद्धपरमेष्ठी पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अर्हं अनन्तसुखसम्पन्नजिनाय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान
व्रत का फल - शाश्वत सुखकारक

★★★

15- अनन्त सौन्दर्य व्रत

व्रतारम्भ तिथि - चैत्र कृष्ण द्वितीया
व्रत की अवधि - 1 वर्ष
व्रत की विधि - प्रत्येक द्वितीया को उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री सहस्रनाम पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अर्ह अष्टोत्तरसहस्र नामधारक श्रीजिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - सहस्रनाम विधान
व्रत का फल - उत्कृष्ट सौन्दर्यवर्धक

★★★

16- अनन्त ज्ञान व्रत

व्रतारम्भ तिथि - ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी
व्रत की अवधि - 9 तिथि पूर्वक
व्रत की विधि - व्रत के दिन प्रोषध पूर्वक उपवास करे।
व्रत की पूजा - चौबीस तीर्थकर पूजा
व्रत का जापमन्त्र - णमोकार मन्त्र
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - अनतज्ञानदायक

★★★

17- अनिवृत्तिकरण गुणस्थान व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल अष्टमी
व्रत की अवधि - 4 माह 8 दिन (नौ तिथि पूर्वक)
व्रत की विधि - प्रत्येक अष्टमी के दिन उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री रत्नत्रय पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं अर्हं सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यो नम।
उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान
व्रत का फल - कषाय निवृत्तिदायक

★★★

18- अपकाय निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - चैत्र शुक्ल सप्तमी
व्रत की अवधि - 4 माह
व्रत की विधि - प्रत्येक सप्तमी को उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री सुपार्श्वनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री श्री क्ली अर्हं श्री सुपार्श्वनाथ जिनेन्द्रायनम
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - एकेन्द्रिय पर्याय अभावकारक

★★★

19- अपूर्वकरण गुणस्थान व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल षष्ठी
व्रत की अवधि - 4 माह 8 दिन(9 तिथि)
व्रत की विधि - प्रत्येक षष्ठी को प्रोषध पूर्वक उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री महावीर पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं अर्हं परमविशुद्धिजिनाय नम ।
उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान
व्रत का फल - उत्कृष्ट परिणामवर्धक

★★★

20- अपूर्व व्रत (त्रैलोक्यतिलक)

व्रतारम्भ तिथि - भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा
व्रत की अवधि - तीन वर्ष
व्रत की विधि - भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा से तृतीया नक उपवास।
व्रत की पूजा - त्रिकाल चतुर्विंशति पूजा/अकृत्रिम चैत्यालयों की पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री त्रिलोकसम्बन्धि कृत्रिमाकृत्रिम-जिनालयेभ्यो नम ।
उद्यापन का विधान - त्रिलोक जिनालय विधान
व्रत का फल - उत्कृष्ट पददायक
व्र क को पृ 126

★★★

21- अप्रमत्तगुणस्थान व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल अष्टमी
व्रत की अवधि - 14 माह
व्रत की विधि - प्रत्येक शुक्ल अष्टमी को उपवास करे ।
व्रत की पूजा - श्री नेमिनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री श्री क्ली अर्हं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान
व्रत का फल - प्रमाद क्षयकारक

★★★

22- अमूढ़दृष्ट्यग व्रत

व्रतारम्भ तिथि - कार्तिक शुक्ल चतुर्थी
व्रत की अवधि - 8 वर्ष
व्रत की विधि - प्रत्येक कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को प्रोषध पूर्वक उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री रत्नत्रय पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं अर्हं अमूढदृष्टिसम्यग्दर्शनागाय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - रूढि (मूढ) मान्यता निवारक

* * *

23- अयोग केवली गुणस्थान व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल द्वादशी
व्रत की अवधि - 14 माह
व्रत की विधि प्रत्येक माह की शुक्ल द्वादशी को प्रोषध पूर्वक उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री सिद्धपरमेष्ठी पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अर्हं अनन्तानन्तपरमसिद्धेभ्यो नम ।
उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान
व्रत का फल - सिद्धत्व पद प्रदाता

* * *

24- अरतिकर्मनिवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - चैत्र कृष्ण सप्तमी
व्रत की अवधि - 4 माह 8 दिन (नौ तिथि)
व्रत की विधि - प्रत्येक सप्तमी को प्रोषध पूर्वक उपवास करे।

व्रत की पूजा - श्री कुन्थुनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री कुन्थुनाथजिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - मोहकर्म अभावकता

★★★

25- अरनाथ तीर्थंकर चक्रवर्ती कामदेव व्रत

व्रतारम्भ तिथि - किसी भी माह की शुक्ल अष्टमी
व्रत की अवधि - 4 अष्टमी 3 चतुर्दशी
व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री अरनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ही श्रीं क्ली अर्ह श्री अरनार्थजिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान
व्रत का फल - तीर्थंकर एव कामदेव पदप्रदाता

★★★

26- अविरत गुणस्थान व्रत

व्रतारम्भ तिथि - ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी
व्रत की अवधि - 4 माह 8 दिन
व्रत की विधि - प्रत्येक चतुर्थी को प्रोषध पूर्वक उपवास करे।
व्रत की पूजा - रत्नत्रय पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री विशुद्धसम्यग्दर्शनाय नम ।
उद्यापन का विधान - रत्नत्रय विधान
व्रत का फल - उत्कृष्ट सयम प्रदाता

★★★

27- अश्विनी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - जिस दिन अश्विनी नक्षत्र हो
व्रत की अवधि - दो वर्ष तीन माह में 28 उपवास
व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री आदिनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय नम।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - अशुभ ग्रहदशा निवारक

आ ध अ प्र पृ 548

★★★

28- अशोकरोहिणी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - किसी माह की कोई भी तिथि
व्रत की अवधि - दो वर्ष तीन माह
व्रत की विधि - रोहिणी नक्षत्र के दिन उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री वासुपूज्य पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री वासुपूज्य-जिनेन्द्राय नम।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - शोक निवारक

जै व्र वि म पृ 92

★★★

29 - आष्टाह्निक व्रत

व्रतारम्भ तिथि - कार्तिक फाल्गुन आषाढ तीनो मास मे शुक्ल पक्ष की अष्टमी से पूर्णमासी तक
व्रत की अवधि - उत्तम 17 वर्ष, मध्यम 8वर्ष जघन्य 5वर्ष सामान्य 3 वर्ष

व्रत की विधि - 1 **उत्तम विधि**-सप्तमी को एकाशन एव अष्टमी से पूर्णमासी तक उपवास पूर्वक प्रतिपदा को पारणा करे।

2 **मध्यम विधि**-प्रोषध पूर्वक अष्टमी का उपवास कर नवमी को पारणा दशमी को मात्र जल एव चावल एक बार ले एकादशी को एक बार अल्पाहार करे द्वादशी को एकाशन त्रयोदशी को नीरस आहार से एकाशन एव चतुर्दशी को केवल चावल से एकाशन कर पूर्णमासी का निर्जल उपवास कर एकम् को पारणा करे।

3 **जघन्य विधि**-अष्टमी से पूर्णमासी तक एकाशन करे। (अष्टमी एव पूर्णिमा को उपवास शक्त्यनुसार)

व्रत की पूजा - नन्दीश्वरद्वीप पूजा

व्रत का जापमन्त्र - अष्टमी से पूर्णिमा तक क्रमश एक-एक मन्त्र की जाप करे

1 ॐ ह्री नन्दीश्वरसञ्ज्ञाय नम ।

2 ॐ ह्री अष्टमहाविभूतिसञ्ज्ञाय नम ।

3 ॐ ह्री त्रिलोकसारसञ्ज्ञाय नम ।

4 ॐ ह्रीं चतुर्मुखसञ्ज्ञाय नम ।

5 ॐ ह्रीं पञ्चमहालक्षणसञ्ज्ञाय नम ।

6 ॐ ह्री स्वर्गसोपानसञ्ज्ञाय नम ।

7 ॐ ह्री स्वर्गसम्पत्तिसञ्ज्ञाय नम ।

8 ॐ ह्री इन्द्रध्वजसञ्ज्ञाय नम ।

उद्यापन का विधान - नन्दीश्वर विधान

व्रत का फल - विशिष्ट विभूति कारक

आ ध अ प्र पृ 548 जै व्र वि स पृ 35 क्रि को पृ 245

जै व्र ति नि पृ 200 व्र क को पृ 153

★★★

30- अष्टकर्म चूर्ण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - किसी भी माह की कोई भी तिथि

व्रत की अवधि - 64 दिन

व्रत की विधि - 1 ज्ञानावरणी कर्म क्षय के लिए-8 दिन उपवास

2 दर्शनावरणी कर्म क्षय के लिए-8 दिन मात्र एक बार जल

3 वेदनीय कर्म क्षय के लिए-8 दिन एक बार फलाहार

4 मोहनीय कर्म क्षय के लिए-8 दिन एक ग्रास आहार

5 आयु कर्म क्षय के लिए-8 दिन एक बार आवली भात

6 नाम कर्म क्षय के लिए-8 दिन पूडी से एकाशन

7 गोत्र कर्म क्षय के लिए-8 दिन भात से एकाशन

8 अन्तराय कर्म क्षय के लिए-8 दिन भात का एक दाना

व्रत की पूजा - सिद्ध पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं अर्हं अष्टकर्मरहिताय श्री सिद्धाधिपतये नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - अष्टकर्मों का क्षयकारक

★★★

31- अष्टमी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - किसी भी माह की अष्टमी
व्रत की अवधि - आठ वर्ष दो माह
व्रत की विधि - 196 उपवास करे (प्रत्येक अष्टमी) 8 वर्ष की 192 अष्टमी दो अधिक माह की 4 अष्टमी कुल 196 अष्टमी।
व्रत की पूजा - श्री सिद्ध पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अर्हं णमो सिद्धाण सिद्धचक्राधिपतये नम ।
उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान
व्रत का फल - सिद्धगुण प्रदायक

जै व्र वि स प 123 आ ध अ ग्र पृ 548

★★★

32- अष्टप्रातिहार्य व्रत

व्रतारम्भ तिथि - फाल्गुन शुक्ल अष्टमी
व्रत की अवधि - 8 दिन (8 वर्ष)
व्रत की विधि - पूर्णिमा तक उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री नदीश्वरद्वीप पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं अर्ह अष्टप्रातिहार्यसयुक्तजिनेभ्यो नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान
व्रत का फल - अरिहत पद प्रदाता

★★★

33- अहिगही व्रत

व्रतारम्भ तिथि - अष्टाह्निका की अष्टमी
व्रत की अवधि - 4 माह
व्रत की विधि - प्रत्येक अष्टमी को प्रोषध पूर्वक उपवास करें।
व्रत की पूजा - पञ्चपरमेष्ठी पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रा ह्रीं हू ह्रौ ह्र अ सि आ उ सा नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - वियोग वेदना निवारक

★★★

34- अहिसा महाव्रत व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ कृष्ण पञ्चमी
व्रत की अवधि - 4 माह
व्रत की विधि - प्रत्येक पञ्चमी को उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री आदिनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री श्रीं क्ली अह श्री आदिनाथजिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - सकल हिसा निवारक

★★★

35- अक्षय तृतीया व्रत

व्रतारम्भ तिथि - वैशाख शुक्ल तृतीया
व्रत की अवधि - तीन वर्ष
व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री आदिनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - कुलपरम्परा वर्धक

अ ध अ ग्र पृ 548

★★★

36- अक्षय फल दशमी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - श्रावण शुक्ल दशमी

व्रत की अवधि - दस वर्ष

व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करे।

व्रत की पूजा - श्री आदिनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्ली अर्हं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - कुलवर्धक

जै व्र ति नि पृ 50 क्रि को पृ 255 आ ध अ ग्र पृ 548 जै व्र वि म पृ 86 स वा परि ख पू पृ 87

★★★

37- अक्षयनिधि व्रत

व्रतारम्भ तिथि - श्रावण शुक्ल दशमी

व्रत की अवधि - दस वर्ष

व्रत की विधि - श्रावण शुक्ल दशमी का उपवास श्रावण शुक्ल एकादशी से भाद्रपद कृष्ण नवमी तक एकाशन करें तथा भाद्रपद कृष्ण दशमी को उपवास इस प्रकार कुल 20 उपवास एव 280 एकाशन पूर्वक करें।

व्रत की पूजा - श्री आदिनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - अनन्त चतुष्टय कारक

आ ध अ ग्र पृ 548 जै व्र वि स पृ 83 व्र जै ति नि पृ 35 233 249 क्रि को पृ 252 स वा को परि ख पू पृ 87

★★★

38- अक्षय सुख सम्पत्ति

व्रतारम्भ तिथि - फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदा

व्रत की अवधि - 1 वर्ष

व्रत की विधि - प्रत्येक महीने की प्रतिपदा का उपवास करे।

व्रत की पूजा - पञ्चपरमेष्ठी पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं अर्हं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - शाश्वत सुख प्रदायक

★★★

39- अज्ञान निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - अष्टान्हिका पर्व की अष्टमी

व्रत की अवधि - 4 माह

व्रत की विधि - 8 दिन तक एकासन करें।

व्रत की पूजा - श्री शान्तिनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शांतिनाथजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - शातिनाथ विधान

व्रत का फल - चोरी के परिणाम का अभाव

★★★

40- अज्ञान मिथ्यात्व निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - वैशाख कृष्ण द्वितीया

व्रत की अवधि - पाँच वर्ष

व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास

व्रत की पूजा - नवदेवता पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अर्हं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन-धर्म जिनागम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो नम

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी

व्रत का फल - सम्यक् ज्ञान प्रदायक

41- आकाश पञ्चमी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - भाद्रपद शुक्ल पञ्चमी

व्रत की अवधि - पाँच वर्ष

व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री सुमतिनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री सुमतिनाथजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - निरोगता दायक

आ ध अ ग्र पृ 549 क्रि को पृ 255 जै व्र वि स पृ 85 स वा को परि ख पू पृ 87

★★★

42- आचाम्ल वर्द्धमान व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल अष्टमी

व्रत की अवधि - 23 दिन (5वर्ष)

व्रत की विधि - व्रत आरम्भ करने के प्रथम दिन एकाशन अगले दिन उपवास तत्पश्चात् एक ग्रास वृद्धि के क्रम से एक ग्रास से लेकर 10 ग्रास तक 10 दिन पर्यन्त भात और इमली पानी का भोजन करें। उसके अगले दिन से पुन एक-एक ग्रास कम करते हुए दशवें दिन एक ग्रास ग्रहण करे पश्चात् अगले दिन दोपहर के बाद एक बार परोसे भोजन से एकाशन करें।(ग्रन्थों में भोजन का क्रम अलग-अलग मिलता है।

व्रत की पूजा - श्री वर्द्धमान पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्री क्ली अर्ह श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - शारीरिकक्षमता वर्धक/सयम साधना वर्धक

आ ध अ ग्र पृ 549 ह पु पृ 271 व्र क को पृ 164 जै व्र वि स पृ 107

★★★

43- आचारवर्द्धन व्रत

व्रतारम्भ तिथि - किसी भी माह की कोई भी तिथि

व्रत की अवधि - एक सौ उन्नीस दिन

व्रत की विधि - 100 उपवास 19 पारणा पूर्वक करें उपवास 1 पारणा 1 उपवास 2, पारणा 2 इसी

क्रम में 3 4 5 6 7 8 9 10 9 8 7 6 5 4 3 2 एव 1 उपवास करे तथा बीच-बीच मे एक-एक पारणा करें। यह व्रत अखण्ड रूप से करे।

व्रत की पूजा - पञ्चबालयतिपूजा

व्रत का जापमन्त्र - णमोकार मन्त्र

उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान

व्रत का फल - उत्कृष्ट चारित्र प्रदायक

सु त पृ 161 आ ध अ ग्र पृ 549 जै व्र वि म पृ 107

★★★

44- आर्तध्यान निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - वैशाख कृष्ण एकादशी

व्रत की अवधि - 1 वर्ष

व्रत की विधि - प्रत्येक माह की एकादशी का उपवास।

व्रत की पूजा - श्री श्रेयासनाथ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री श्रीं क्लीं अर्ह श्री श्रेयासनाथजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - वेदना परिणाम निवारक

★★★

45- आदिनाथ जयन्ती व्रत

व्रतारम्भ तिथि - चैत्र कृष्ण नवमीं

व्रत की अवधि - नौ वर्ष

व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री आदिनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय नमः।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - जन्ममरण नाशक

आ ध अ ग्र पृ 549 जै व्र वि स पृ 105

★★★

46- आदिनाथ शासन जयन्ती व्रत

व्रतारम्भ तिथि - फाल्गुन कृष्ण एकादशी
व्रत की अवधि - ग्यारह वर्ष
व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करें।
व्रत की पूजन - श्री आदिनाथ पूजन
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय नमः।
उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान
विशेष - इस दिन भगवान की प्रथम दिव्यध्वनि खिरी थी।
व्रत का फल - शुभ सकल्पवर्धक

आ ध अ ग्र पृ 549 जै व्र वि स पृ 105

★★★

47- आदिनाथ निर्वाण महोत्सव व्रत

व्रतारम्भ तिथि - माघ कृष्ण चतुर्दशी
व्रत की अवधि - चौदह वर्ष
व्रत की विधि - व्रत के दिन उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री आदिनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय नमः।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - निर्वाण प्रदायक

आ ध अ ग्र पृ 549 जै व्र वि स पृ 105

★★★

48- आयुकर्म निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल पञ्चमी
व्रत की अवधि - 4 माह
व्रत की विधि - प्रत्येक पञ्चमी के दिन उपवास करे। कार्तिक शुक्ल पञ्चमी तक व्रत करके उद्यापन करे।
व्रत की पूजा - श्री सुमतिनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्री क्लीं अर्ह श्री सुमतिनाथजिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान
व्रत का फल - आयुकर्म क्षयकारक

★★★

49- आहारक शरीर निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल पञ्चमी
व्रत की अवधि - 5 माह
व्रत की विधि - प्रत्येक पञ्चमी के दिन उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री पञ्चपरमेष्ठी पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ हा ह्रीं हू हौ ह अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्वसाधुभ्यो नम ।
उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान
व्रत का फल - सशय निवारक-क्षेमकारक

★★★

50- आहारपर्याप्ति निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - वैशाख कृष्ण तृतीया
व्रत की अवधि - 6 वर्ष
व्रत की विधि - प्रत्येक वैशाख कृष्ण तृतीया का उपवास करें।
व्रत की पूजा - श्री पञ्चपरमेष्ठी पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नम ।
उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान
व्रत का फल - आहार रहित सिद्धत्व पदप्रदायक

★★★

51- इन्द्रध्वज व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल अष्टमी
व्रत की अवधि - 14 अष्टमी
व्रत की विधि - उपवास पूर्वक।
व्रत की पूजा - अकृत्रिम जिनालय पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री मध्यलोक-सम्बन्धि- चतुशताष्ट-पञ्चाशत जिनालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो नम ।
उद्यापन का विधान - श्री त्रैलोक्य जिनालय विधान
व्रत का फल - कुलवर्धक एव व्रत दोष निवारक

★★★

52- इन्द्रिय पर्याप्ति निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - वैशाख कृष्ण पञ्चमी
व्रत की अवधि - 6 वर्ष
व्रत की विधि - प्रत्येक वैशाख कृष्ण पञ्चमी को प्रोषधपूर्वक उपवास।

व्रत की पूजा - श्री पद्मप्रभ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री श्री क्ली अर्हं श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान

व्रत का फल - अतीन्द्रिय पददायक

★ ★ ★

53- उच्छवास पर्याप्ति निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - वैशाख कृष्ण षष्ठी

व्रत की अवधि - 6 वर्ष

व्रत की विधि - प्रत्येक वैशाख कृष्ण षष्ठी को उपवास करे।

व्रत की पूजा - श्री पदमप्रभ पूजा

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री श्रीं क्ली अर्ह श्री पदमप्रभजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान ।

व्रत का फल - श्वास रोग निवारक

★ ★ ★

54- उत्तरायण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - माघ पूर्णिमा

व्रत की अवधि - 6 माह

व्रत की विधि प्रत्येक माह की पूर्णिमा को प्रोषध पूर्वक उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री पद्मप्रभ जी

व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय नम ।

उद्यापन का विधान - पञ्चकल्याणक विधान
व्रत का फल - दुष्कर्म निवारक एव बुद्धि प्रदायक

★★★

55- उपगूहनाग व्रत

व्रतारम्भ तिथि - कार्तिक शुक्ल पञ्चमी
व्रत की अवधि - 8 वर्ष
व्रत की विधि - प्रत्येक कार्तिक शुक्ल पञ्चमी को उपवास करें।
व्रत की पूजा - रत्नत्रय पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्री अर्हं उपगूहनागसम्यग्दर्शनाय नम ।
उद्यापन का विधान - रत्नत्रय विधान
व्रत का फल - निदाभाव क्षयकर्ता

★★★

56- उपभोगान्तराय निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशी
व्रत की अवधि - 5 वर्ष
व्रत की विधि - प्रत्येक ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशी के दिन उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री अनन्तनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री अनन्तनाथ जिनेन्द्राय नम ।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - भोगोपभोग सामग्री अनाशक्ति हेतु

★★★

57- उपशान्त कषाय गुणस्थान व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल नवमी
व्रत की अवधि - 14 माह
व्रत की विधि - प्रत्येक नवमी के दिन उपवास।
व्रत की पूजा - श्री श्रेयासनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री श्रेयासनाथ जिनेन्द्राय नम।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
व्रत का फल - कषाय निवारक

★★★

58- उपसर्ग निवारण व्रत

व्रतारम्भ तिथि - श्रावण शुक्ल 13
व्रत की अवधि - 9 वर्ष
व्रत की विधि - श्रावण शुक्ल 13 को प्रोषध पूर्वक उपवास करे।
व्रत की पूजा - श्री पार्श्वनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्ली ऐ अर्ह श्री पार्श्वनाथाय धरणेन्द्र पदमावतीसेविताय ममेप्सित कार्य कुरु-कुरु ही नम।
उद्यापन का विधान - कर्मदहन विधान
व्रत का फल - उपसर्ग निवारक

★★★

59- ऋषि पञ्चमी व्रत

व्रतारम्भ तिथि - आषाढ शुक्ल पञ्चमी
व्रत की अवधि - पाँच वर्ष पाँच माह
व्रत की विधि - प्रत्येक माह की शुक्ल पञ्चमी को उपवास करें।

व्रत की पूजा - श्री सुमतिनाथ पूजा
व्रत का जापमन्त्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री सुमतिनाथजिनेन्द्राय नमः।
उद्यापन का विधान - पञ्चपरमेष्ठी विधान
